फरियादीकी मौतके मामलेमें नगर निगमके एक्सईएन, एई एवं जेई दोषी

खुल्दाबाद जोन कार्यालयमें भवन गिरनेका मामला, जांच टीमने सौंपी रिपोर्ट, भवन निर्माणमें लगी फर्मपर दस लाखका जुर्माना

खुल्दाबाद जोन कार्यालय में बीते दिनों भवन गिरने से एक फरियादी की मौत के मामले में नगर निगम के एक एक्सईएन, एई और जेई की लापरवाही उजागर हुई है। नगर आयुक्त ने तीनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही जोन कार्यालय में भवन निर्माण में लगी फर्म पर दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

बता दें कि पिछले दिनों खुल्दाबाद जोन कार्यालय में भवन निर्माण के दौरान एक हिस्सा गिरने से करेली के फरियादी खुर्शीद की मौत हो गयी थी। इस मामले में नगर आयुक्त ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिये थे। शनिवार को जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपी। जिसमें नगर आयुक्त साई तेजा द्वारा सख्त तेवर दिखाते हुए सौंपी गयी रिपोर्ट के अनुसार तत्काल अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता तथा अवर अभियन्ता को भवन निर्माण में बरती गयी लापरवाही के लिए कारण बताओं नोटिस जारी कर दा। साथ ही जोनल कार्यालय में निर्माण कार्य कर रही कार्यदायी संस्था मेसर्स मोहम्मद अलीम के विरूद्ध रूपया दस लाख का अर्थदण्ड-जुर्माना लगाते हुए कारण बताओं नोटिस निर्गत किया। साथ ही यह भी स्पष्ट करें कि इस प्रकार की लापरवाही के कारण क्यों न फर्म को काली सूची में डाला जाए। इसके साथ ही निर्माण कार्य के लिए थर्ड पार्टी एजेन्सी, बीएलजी पर भी पांच लाख अर्थदण्ड लगाते हुए कारण बताओं नोटिस निर्गत किया गया कि आप द्वारा निर्माणाधीन भवन में लापरवाही बरतते हुए ससमय गुणवत्तापूर्वक जांच क्यों नही की गयी, संतोष जनक उत्तर न प्राप्त होने की दशा में फर्म को काली सूची में डाले जाने के निर्देश दिये। थर्ड पार्टी एजेन्सी राइटस को भी निर्माण कार्य के नमूनों की जॉच एवं गुणवत्ता सम्बन्धी नमूने भेज दिये गये है। राइटस द्वारा रिपोर्ट प्राप्त होते ही अभी और भी कार्यवाही हो सकती है।

पटाखा बिक्रीके लाइसेंसके लिए आवेदन ३० तक

दीपावली पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस के आवेदन की अंतिम तिथि २५ अक्तूबर से बढ़ाकर ३० अक्तूबर कि दी गई है। पारंपरिक बिक्री स्थलों पर समय से अनुमति नहीं मिलने के कारण यह निर्णय लिया गया है। वर्ष २०२५ के लाइसेंसधारी आधार कार्ड, तीन फोटो और पिछले वर्ष के मूल लाइसेंस के साथ पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) कार्यालय से आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

महर्षि वाल्मीकि की जयंती आज, होंगे विभिन्न कार्यक्रम

दी आल इंडिया श्री वाल्मीकि यंग मैन एसोसिएशन की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी २६ अक्तूबर को आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनायी जायेगी। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप चौहान ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम ऋषिकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित वाल्मीकि मंदिर में मनाया जाएगा। सोमवार को प्रात: सात बजे युवा समाजवादी नेता संदीप यादव के अगुवाई में भगवान श्री वाल्मीकि जी की आरती एवं पूजन संपन्न होगा साथ ही साथ विद्यालय के बच्चों का पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा तथा प्रसाद वितरण भी होगा। तत्पश्चात विश्व हिंदू परिषद के पूर्व महानगर मंत्री पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूजन अर्चन एवं गोष्ठी होगी। अपरान्ह तीन बजे बैरिया जाता से शोभा यात्रा तथा मंदिर परिसर में श्रीमती निर्मला जी मंडली द्वारा सुंदर-सुंदर भजन गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद सायं काल ७:०० बजे उत्तर मध्य संस्कृतिक केंद्र के कलाकारों द्वारा गायन प्रस्तुति तथा मुख्य अतिथि नंद गोपाल गुप्ता कैबिनेट मंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन एवं उद्बोधन होगा।

सिर्फ इलाजमें लापरवाही ही नहीं, बुनियादी व्यवस्थाएं भी विवादकी वजह

दससे अधिक शौचालयोंमें स्टाफका कब्जा, तीमारदार परेशान

स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में तीमारदारों और डाक्टरों के बीच होने वाले विवाद का कारण केवल इलाज में लापरवाही ही नहीं है, बल्कि की कई अन्य अव्यवस्थाएं भी जिम्मेदार हैं। सबसे बड़ी समस्या शौचालय की भी है,जहां वार्डों में भर्ती मरीजों को वार्ड के अंदर शौचालय की सुविधा मिल जाती है वहीं यदि दूर-दराज से आए तीमारदार यदि किसी वार्ड के पास बने शौचालय का उपयोग करना चाहें तो उनके लिए शौच आदि की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण आये दिन तीमारदारों एवं नर्सिंग स्टाफ एवं जूनियर डाक्टरों से वाद-विवाद देखने को मिलता है। अस्पताल में लगभग १० ऐसे शौचालय हैं जिस पर केवल डाक्टरों, नर्सों एवं कर्मचारियों के उपयोग के लिए आरक्षित है। आरक्षित शौचालय का उपयोग केवल स्टाफ के लोग करते हैं उसके बाद ताला बंद कर दिया जाता है। ऐसे में यदि तीमारदार को जरूरत हो तो उसे मरीज को छोड़कर अस्पताल के गेट पर बने सार्वजनिक शौचालय में आना पड़ता है, शौचालय में पेशाब के लिए भी पांच रूपये देने पड़ते हैं।

इस महीने तीसरी बार १०० पार पहुंचा एक्यूआई

संगमनगरी की हवा में धूल के कणों का दबाव बढ़ने लगा है। नगर की एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) इस महीने तीसरी बार १०० के पार पहुंच गया है।सिविल लाइंस में स्थिति अधिक चिंताजनक है। यहां पीएम-१० का स्तर ३५० के करीब पहुंच गया है। वहीं तेलियरगंज एवं झूंसी में भी एक्यूआई १०० के नजदीक पहुंचने से प्रदूषण बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। सिविल लाइंस में पीएम-१० स्तर बढ़ने की प्रमुख वजहों में सड़क की धूल, निर्माण स्थलों से उड़ने वाले कण एवं वाहनों की आवाजाही शामिल है। सड़कों के किनारे जमा मिट्टी भी वाहनों के गुजरने पर हवा में फैल रही है। इससे प्रमुख मार्गों पर धूल का दबाव बढ़ रहा है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए नगर निगम ने धूल साफ करने वाले वाहनों की संख्या बढ़ा दी है। सड़कों पर पानी का छिड़काव भी तेज किया गया है, ताकि धूल के कण हवा में न उड़ें। निमार्ण स्थलों से निकलने वाली धूल एवं सड़क किनारे जमा मिट्टी पर भी नजर रखी जा रही है। नगर निगम के अवर अभियंता राम सक्सेना ने बताया कि इस मौसम मे एक्यूआई बढ़ जाता है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव बढ़ाने के साथ सड़कों से धूल साफ करने वाले वाहनों की संख्या भी बढ़ाई गयी है।

श्री महंत बलवीर गिरिने संगममें किया दीपदान, कार्तिक मास शुरू



शरद पूर्णिमा के मौके पर बाघंबरी मठ के महंत बलवीर गिरि महाराज ने संगम तट पर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर ११०० दीपों का दीपदान किया। इसी के साथ कार्तिक मास के धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। संगम तट पर दीपदान के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। गंगा मैया के प्रति आस्था प्रकट करते हुए महंत बलवीर गिरि महाराज ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और दीप प्रज्ज्वलित कर लोककल्याण की कामना की। शरद पूर्णिमा से कार्तिक मास के आरंभ के मौके पर बाघंबरी मठ में भी दीप प्रज्ज्वलित किए गए। मठ परिसर में पूरे कार्तिक मास प्रतिदिन शाम को दीप जलाए जाएंगे। यह धार्मिक आयोजन कार्तिक पूर्णिमा तक जारी रहेगा। इस दौरान मठ में दीपदान और पूजा-अर्चना के माध्यम से कार्तिक मास की धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया जाएगा।हिंदू धर्म में कार्तिक मास को विशेष पुण्यदायी माना जाता है। इस महीने में स्नान, दान, दीपदान और भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि कार्तिक मास में दीपदान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। संगम नगरी प्रयागराज में इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

चौरसिया समाजके सामूहिक विवाह समारोहकी तैयारीको लेकर बैठक

अखिल भारतीय चौरसिया समाज का २५वां सामूहिक विवाह परिवार मिलन समारोह २८ फरवरी २०२७ को आयोजित होगा।

रविवार को समारोह की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। समाज के संरक्षक आनंद चौरसिया ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया। बैठक में अजीत चौरसिया, कैलाश नारायण चौरसिया, एसके चौरसिया, सुखवाती चौरसिया, चंदा आदि उपस्थित रहे।

बिरहा में गूंजे राम-सीता के प्रसंग, कालबेलियापर झूमे दर्शक



उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित दीपावली शिल्प मेले के चौथे दिन रविवार की शाम लोकगीतों और लोकनृत्यों के नाम रही। बिरहा में भगवान राम और माता सीता के प्रसंग सुनकर दर्शक भावुक हुए, वहीं राजस्थानी चकरी, कालबेलिया और चरी नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उदय चन्द्र परदेशी, लोक कलाकार प्रयागराज व केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा और सलाहकार कल्पना सहाय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत शिवराज विश्वकर्मा और उनके दल के बिरहा गायन से हुई। कलाकारों ने भगवान राम के लंका विजय के बाद अयोध्या लौटने और माता सीता की मनोदशा से जुड़े प्रसंगों को बिरहा के माध्यम से पेश किया। 'हजूर जीत के लौटे लंका, माई सीता के मन में शंका' जैसे बोलों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। गायन में कथा, संवाद और भावनाओं का सुंदर मेल दर्शकों को देखने को मिला।

राजस्थान के बारां से आए एसबी गुजरावत ने चकरी, कालबेलिया और चरी लोकनृत्य प्रस्तुत दी। उनकी पारंपरिक वेशभूषा और लयबद्ध कदमों के साथ उनकी प्रस्तुतियों ने राजस्थान की लोकसंस्कृति की झलक दिखाई।

प्रयागराज की नर्गिस परवीन ने 'राम जी से पूछे', 'हे गंगा मैया', 'मिर्जापुर कैला गुलजार', 'रेलिया बैरन' और 'सइयां मिले लड़कइयां' पेश कर श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं रागिनी चन्द्रा ने 'गंगा-जमुना के निर्मल धार', 'बीत जाला बरखा बहार बलम बिना', 'हरे रामा रिमझिम बरसे पनिया' और 'हमको खर्च दिए जाना बलम जब जाना विदेशवा ना' की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही पाई

इस अवसर पर केन्द्र निदेशक द्वारा सभी कलाकारों को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा पाल ने किया।

डा. ज्योति भूषण बने एएमए के अध्यक्ष

गांवोंको गोद लेने एवं वृद्धाश्रम खोलनेका लिया संकल्प

इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को एएमए सभागार में आयोजित किया गया। नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने दायित्व संभाला। कार्यक्रम का शुभारंभ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा.मंजुला पांडेय ने किया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष डा. अशोक कुमार मिश्र ने कालर बदलकर डा. ज्योति भूषण को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा। डा. भूषण ने कहा कि एएमए की ओर से वृद्धाश्रम खोला जायेगा एवं गांवों को गोद लेकर उसका समग्र विकास किया जायेगा। इस मौके पर डा. आशुतोष गुप्ता ने वित्त सचिव, डा. सुभाष वर्मा ने सचिव, डा.एसएन प्रसाद, डा.राजेश मौर्या, डा. अनुराग वर्मा एवं विनीता मिश्रा ने उपाध्यक्ष पद का दायित्व संभाला। साथ ही अन्य पदाधिकारियों एवं ४० कार्यकारिणी सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया।

महानगरके सभी बूथोंपर सुनी गयी 'मन की बात'

भाजपाइयों ने पीएम के विचारोंका अनुसरण करनेका लिया संकल्प

भाजपाइयों ने रविवार को महानगर के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' का १३९ वां संस्करण सुना। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। भाजपा प्रयागराज महानगर के सभी १५ मंडलों के समस्त बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के १३९ का संस्करण कार्यक्रम में सहभागिता की। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में सिविल लाइन मंडल के बूथ संख्या २२५ पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विभिन्न बूथों पर मन की बात सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के १२ वर्ष पूरे होने पर इसे किसी 'तीर्थयात्रा' जैसा बताया और देशवासियों का आभार व्यक्त किया। पीएम ने त्योहारों के इस मौसम में लोगों से स्थानीय कारीगरों और उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। पीएम ने परंपरागत खेती का जिक्र करते हुए पंजाब में खेती विरासत मिशन द्वारा आर्गेनिक फापीर्मिंग कृषि पद्धतियों को अपनाने के प्रयासों पर चर्चा की। बिहार के मखाना के ग्रीस तक पहुंचने का जिक्र करते हुए भारतीय उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग पर प्रकाश डाला। डा. शैलेश पांडेय, रमेश पासी, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, आनंद सोनकर, अनुज कुशवाहा, कुंज बिहारी मिश्रा, अनिल केसरवानी, आनंद श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, शोभिता श्रीवास्तव, रीता सिंह, हेमंत बनर्जी, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा,सुजीत कुशवाहा आदि ने मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता की।

एसआरएन अस्पतालके आवासीय परिसरमें गंदगीसे संक्रमणका खतरा

एसआरएन अस्पताल स्थिति आवासों के पास फैली गंदगी से लोग परेशान हैं। दूसरों के सेहत को रात-दिन देखभाल करने वाले कर्मचारी खुद गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। आवासों के पास की साफ-सफाई न होने से संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। सबसे अधिक गंदगी गर्ल्स हास्टल के पास बने कर्मचारियों के आवास के पास है। कर्मचारियों के अनुसार पिछले दो महीनों में १२ लोग डेंगू से पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती हुए। नर्सिंग कालेज के पास क्षतिग्रस्त सीवर लाइन एवं सड़कों पर बहते नाली के पानी से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। कालेज के गेट से लेकर निर्माणाधीन चिल्ड्रेन अस्पताल के पास तक नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है।

धर्मेन्द्र -अध्यक्ष, अजय सिंह बने जिला मंत्री

सहायक एसोसिएशनका अधिवेशन चुनावमें निर्विरोध चुनी गयी कार्यकारिणी



मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार कक्ष में उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला सहायक एसोसिएशन जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। चुनाव अधिकारी राजकुमार गुप्ता (अध्यक्ष बेसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कर्मचारी संघ) के साथ ही नामित चुनाव पर्यवेक्षक डा. संजय बरनवाल के निर्देशन में चुनाव की विधिक कार्यवाही पूरी हुयी। एसोसिएशन के सदस्यों ने आपसी तालमेल एवं एकजुटता दिखाते हुए अधिवेशन में उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना।कार्यकारिणी में धर्मेन्द्र कुमार अध्यक्ष एवं जिलामंत्री अजय सिंह चुने गये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष राममणि त्रिपाठी, संयुक्त सचिव दिनेश कुमार, कोषाध्यक्ष अर्पित मिश्रा, संरक्षक संतोष कुमार, पर्वतराज सिंह कार्यकारिणी सदस्य, अरविन्द्र यादव आडिटर चुने गये।

भाइयोंकी मंगल कामनाके लिए बहनोंने उतारी ढेड़िया

शरद पूर्णिमा पर भाइयों की मंगल कामना के लिए रविवार को बहनों ने ढेड़िया पर्व मनाया।इस दिन रक्षा बंधन और भाई दूज की तरह ही बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर टीका कर उन्हें मिठाई खिलाया। इसके बाद फिर झरोखेदार ढेड़िया से भाइयों की नजर उतारी। परंपरा के मुताबिक जलते हुए दीये के साथ ढेड़िया को भाइयों के माथे से सात बार छुआकर बहनों ने भाइयों की मंगल की कामना कर जलते दीये के साथ ही ढेड़िया को दूर या चौराहे पर ले जाकर फेंक दिया ताकि भाइयों की जो भी बाधांए हो वह दूर हो जायं। मान्यता के अनुसार जब भगवान राम १४ वर्ष का वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौट रहे थे ।

रेलवे अस्पतालमें दो वर्षोंमें सर्जरी विभागने संभाले २२१६ मामले

डा. संजय कुमारके कार्योंकी सराहना



उत्तर मध्य रेलवे के सेंट्रल हॉस्पिटल (सीएच/एनसीआर में सर्जरी विभाग के उत्कृष्ट कार्यों को लेकर डा. संजय कुमार की विशेष सराहना की गई है। अस्पताल के पिछले दो वर्षों के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में कुल ४,००९ एडमिशन-डिस्चार्ज दर्ज किए गए, जबकि उनके नेतृत्व में सर्जरी विभाग में २,२१६ मामले दर्ज किए गए। यह संख्या अस्पताल के कुल एडमिशन-डिस्चार्ज का ५५ प्रतिशत से अधिक है। यह उपलब्धि चिकित्सा सेवाओं में समर्पण, कार्यक्षमता और जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करती है। सर्जरी विभाग में इतने बड़े स्तर पर मरीजों के मामलों का प्रबंधन करना चिकित्सकीय टीम की मेहनत, बेहतर कार्य-संयोजन और मरीजों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंडियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन एवं नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन ने उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए इसे रेलवे चिकित्सा सेवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

ट्रेनोंका विस्तार एवं समयमें संशोधन

रेलवे ने ट्रेनों का विस्तार, समय में संशोधन तथा टर्मिनल स्टेशन में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। गाड़ी सं. १२३८१ हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस का शकूरबस्ती तक विस्तार होगा। स्टेशन वर्तमान समय संशोधन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक २८.१०.२६ से प्रभावी होगा। गाड़ी सं.१२३८२ नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस का शकूरबस्ती तक विस्तार-स्टेशन वर्तमान समय संशोधन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक ३०.१०.२६ से प्रभावी होगा। गाड़ी सं. १२३०३ हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस का शकूरबस्ती तक विस्तार-स्टेशन वर्तमान समय संशोधन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक ३०.१०.२६ से प्रभावी होगा। गाड़ी सं.१२३०४ नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस का शकूरबस्ती तक विस्तार-स्टेशन वर्तमान समय संशोधन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक २९.१०.२६ से प्रभावी होगा। गाड़ी सं.१२२७५ प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफ़र एक्सप्रेस के समय में संशोधन-स्टेशन वर्तमान समय संशोधित समय प्रारम्भिक स्टेशन से २९.१०.२०२६ से प्रभावी होगा। गाड़ी सं.१२२७५ प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफ़र एक्सप्रेस के टर्मिनल में परिवर्तन (नई दिल्ली के स्थान पर आनंद विहार टर्मिनल)-स्टेशन वर्तमान समय संशोधन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक ०१.०१.२०२७ से प्रभावी होगा। गाड़ी सं.१२२७६ नई दिल्ली-प्रयागराज हमसफ़र एक्सप्रेस के समय में संशोधन-२८.१०.२६ से प्रभावी होगा।

आटोमेटेड टेस्टिंग सेन्टरमें शीघ्र शुरू होगा वाहनोंका फिटनेस

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की अनिवार्यता ने वाहन स्वामियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। एटीएस परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पहले ही यह स्पष्ट कर चुकी है कि वाहन फिटनेस जांच को पूरी तरह स्वचालित प्रणाली पर लाया जाएगा और मैनुअल फिटनेस प्रक्रिया धीरे-धीरे समाप्त होगी। ऐसे में लंबित परियोजनाओं पर सरकार की नजर विशेष रूप से बनी हुई है। कौशाम्बी परियोजना को लेकर पहले ही अड़चने थी। लेकिन अब काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार एटीएस परियोजना अपने अन्तिम पड़ाव पर है। संभावना जतायी जा रही है कि दिसम्बर तक आटोमेटेड टेस्टिंग सेंटर से वाहनों का फिटनेस कार्य शुरू हो सकेगा। बता दें कि प्रयागराज से वाहनों को जनवरी माह से मीरजापुर एटीएस से ही फिटनेस कराने का निर्णय हुआ था तो यूनियनों ने खूब विरोध किया। जैसे-तैसे अप्रैल को फिर से प्रयागराज में ही मैनुअल ही वाहनों का फिटनेस होने लगा। फिर मोर्थ के आदेश को लेकर परिवहन अधिकारी असमंजस में रहे। पूर्व में परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी पत्र में कौशांबी जिले में एटीएस परियोजना के लिए पहले निरस्त किए जा चुके प्रारंभिक पंजीकरण प्रमाणपत्र(पीआरसी) को पुन: वैध घोषित किए जाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने से अधिकारी दबाव में थे और असमंजस में भी। १५ अप्रैल २६ को जारी इस पत्र में अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व) ने कानपुर स्थित उप परिवहन आयुक्त एवं उच्च परीक्षण समिति के अध्यक्ष को निर्देशित किया है कि मामले की दोबारा जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कौशांबी में एटीएस परियोजना के लिए जारी पीआरसी पहले ही १३ अगस्त २५ को निरस्त किया जा चुका था। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर समीक्षा की गयी। आपत्तियां के आधार पर पीआरसी को निरस्त किया गया था। परिवहन विभाग के भीतर इस बात को लेकर भी चर्चा रही कि यदि पहले निरस्त पीआरसी को दोबारा बहाल किया जाता है, तो इससे अन्य लंबित परियोजनाओं और आवंटनों पर भी असर पड़ सकता है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।
सम्पादक:शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह
वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर: कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड
वर्ष-३१ पू.सं. (११३६१)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५
दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४
E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

एटीएम मशीनमें गोंद लगाकर फंसाया कार्ड, मददके बहाने उड़ाये रुपये

सफाईकर्मी बनकर शातिरने दिया हेल्पलाइन नंबर, मुकदमा

करेली के जीटीबी नगर में एटीएम कार्ड फंसाकर ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ने एटीएम मशीन में गोंद लगाकर कार्ड फंसा दिया और फिर मदद के बहाने पीड़ित को एक फर्जी हेल्पलाइन नंबर दे दिया। इसके बाद पीड़ित के बैंक खाते से अलग-अलग किस्तों में ६१ हजार रुपये निकाल लिए गए। कसारी-मसारी के गौस नगर निवासी सेराज बाबू की तहरीर पर करेली थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सेराज बाबू के मुताबिक, १९ सितंबर को वह जीटीबी नगर में यूनाइटेड लैब के बगल स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। उन्होंने मशीन से पांच हजार रुपये निकाले। इसी दौरान उनका डेबिट कार्ड एटीएम में फंस गया। आरोप है कि मशीन में गोंद लगाए जाने के कारण कार्ड बाहर नहीं निकल सका। इसी बीच एटीएम के पास सफाईकर्मी के रूप में मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी मदद करने का भरोसा दिलाया। उसने एक हेल्पलाइन नंबर देकर उस पर कॉल करने को कहा। पीड़ित ने जब दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो दूसरी ओर से बात करने वाले व्यक्ति ने कार्ड ब्लॉक होने की बात कही और उन्हें घर जाने के लिए कह दिया। घर पहुंचने के बाद उनके बैंक खाते से अलग-अलग किस्तों में कुल ६१ हजार रुपये निकल गए। खाते से रकम निकाले जाने का संदेश मिलने पर उन्हें ठगी का पता चला। करेली थाना प्रभारी सच्चिदानंद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

पेंशनधारकोंके लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान एक नवम्बरसे

भारत सरकार द्वारा पेंशनधारकों की सुविधा के लिए राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) अभियान ५.०, १ से ३० नवम्बर तक आयोजित किया जाना है।

रेलवे बोर्ड द्वारा निर्देशित इस अभियान का उद्देश्य पेंशनधारकों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा इस प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाना है।

इस क्रम में उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय, प्रयागराज एवं उसके सभी मंडलो/यूनिटों में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का बड़े पैमाने (मेगा कैम्प) पर आयोजन उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में किया जायेगा।

इन शिविरों के आयोजन के लिए मुख्यालय/मंडलो/यूनिटों में नोडल ऑफिसर नामित किये गये है। उपरोक्त आयोजन में बैंको/घ्इइँ की सहभागिता भी सुनिश्चित की गयी है। इन शिविरों के माध्यम से पेंशनधारकों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) बनवाने में आवश्यक सहायता एवं सुविधा प्रदान की जाएगी।

उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय, प्रयागराज एवं उसके सभी मंडलो/यूनिटों में ८० वर्ष एवं उससे अधिक आयु के पेंशनधारकों के लिए माह अक्टूबर में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, जो वरिष्ठ पेंशनधारक जिनकी आयु ८० वर्ष या उससे अधिक है और उनके शारीरिक असमर्थता के कारण शिविर तक आने में असमर्थ हैं, उन्हें सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से उनके निवास स्थान पर जाकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए होम विजिट की व्यवस्था भी की जाएगी।

१०फीसदी आबादीके पास देशके ७० फीसदी संसाधन

रविवार को नागरिक समाज द्वारा रवि किरण जैन व्याख्यान माला' का आयोजन हुआ। इसका विषय सत्ता का मिजाज तथा सड़कों पर युवा था। कार्यक्रम में वक्ता गायत्री गांगुली ने कहा कि समय चुनौतियों से भरा हुआ है और राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण हो चुका है। मुख्य वक्ता शीतल के सिंह ने बताया कि अफ्रीका के जंगल में जंगली जानवर जिस प्रकार जमीन के लिए हिंसा कर रहे हैं, वही आज मनुष्य भी वही कर रहा है। भारत में ०.०१ प्रतिशत आबादी के पास ३८ प्रतिशत देश का संसाधन है, वहीं दूसरी तरफ देश के १०फीसदी आबादी के पास मात्र ७० फीसदी देश के संसाधन हैं। सत्ता के केंद्रीयकरण करने में विश्व के तमाम देश लगातार जल रहे हैं। सरकार संसाधन अपने उद्योगपती मित्रों को बेच रही है। ७० फीसदी लोगों की पावर परचेसिंग लगभग शून्य हो चुकी है। ५०प्रतिशत महिलाओं को एनीमिया नाम की बीमारी है। गुजरात में ३८ से ४०फीसदी बच्चे कुपोषित है। जनता का हक और अधिकार लगातार खत्म हो रहा है। लगातार जनता का विश्वास संवैधानिक संस्थाओं पर हिल रहा है। भारत में फांसीवाद आने का खतरा है। सोशल मीडिया में केवल दो कंपनी गूगल और मेटा ही है। आज प्रेस महंगी है और प्रेस की मालिक की संख्या केवल २० से ४० बची है। आजादी के समय इस देश में १० लाख अखबार हुआ करते थे, जबकि आज केवल एक लाख ३५ हजार बचे है। भारत में ८२फीसदी युवा बेरोजगार है, दूसरी तरफ शिक्षा और स्वास्थ्य पर लगातार बजट कम हो रहा है।

खेती-किसानीसे आर्थिक रूपसे मजबूत हो रहे किसान

खेती-किसानी में बडी मेहरत करनी पड़ती है। लेकिन जब फसल तैयार होती है तो काश्तकार खुश हो जाता है। खून-पसीने की कमाई को देखकर वह अपना सारा गम भूल जाता है। प्रयागराज के किसानों की मेहनत से तैयार की गयी फसल न केवल प्रदेश में ही हाथों-हाथ बिक जाती है बल्कि अन्य प्रदेशों में भी अच्छी कमाई देती है। जिले की हरी मिर्च की मांग अन्य जनपदों में भी खूब है। किसानों को मिर्च के दाम भी अच्छे मिलते है। जिससे किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे है। गंगापार स्थित बहरिया ब्लाक के दुल्हेपुर गांव के अन्नदाताओं की बात करें तो वह अन्य किसान धान की खेती में दिन-रात मेहनत करके जितना कमाते है । , दुल्हेपुर के किसान गोभी बेचकर कई गुना पैसा कमा लेते है। अब यह गांव गोभी की खेती के लिए अधिक जाना जाता है। यहां के लगभग ४०० घरों वाले इस गांव में अधिकांश किसानों के पास कम ही खेत है। वह भी पास दो से तीन बीघे की जोत है। कृषि अधिकारियों के अनुसार किसानों ने अपने आधे खेत में गोभी लगा रखी है। धान की खेती वह केवल नाम मात्र की करते है जिससे उनके घर में खाने भर का अनाज हो जाय। कुछ किसान तो सिर्फ गोभी ही उगाते हैं और उसे बेचकर चावल भी खरीद लेते हैं। एक बीघे में धान लगाने में करीब रु १० हजार की लागत आती है और उपज अधिकतम रु ३०हजार में बिकती है। दूसरी ओर एक बीघे में गोभी लगाने का खर्च लगभग रु ५०हजार आता है। जिसके लिए २० हजार पौधे लगाए जाते है। जिसमें लगभग १५ हजार पौधे तैयार हो पाते हैं। बताते है कि मंडी में भाव गिरने के बावजूद कम से कम रु १० प्रति पीस गोभी तो बिक ही जाती है। जिससे एक बीघे में करीब रु १.५ लाख की कमाई होने का अनुमान है। स्थानीय गोभी प्रयागराज की मंडियों के साथ अन्य जिलों में बिकने के लिए भेजी जाती है वहीं अन्य प्रदेश तक सब्जी को भेजा जाता है जिससे किसानों की आय भी बढ़ती है और वाजिब मूल्य मिलने का सुकून भी मिलता है।

वरिष्ठ नागरिकोंने बिखेरा सुरों का जादू



बुढ़ापे की लकड़ी सेवा समिति, प्रयागराज के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर हो रहे कार्यक्रमों के क्रम में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा रंगारंग संगीतमय संध्या 'जीवन की ढलती शाम सुरों के नाम' के ग्यारहवें सोपान का आयोजन उत्तर-मध्य सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति पियूष अग्रवाल, न्यायमूर्ति सुधीर नारायण, न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा, न्यायमूर्ति विजय लक्ष्मी, वरिष्ठ अधिवक्ता टी.पी. सिंह एवं प्रयागराज के महापौर अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस संगीतमय शाम की सबसे बड़ी विशेषता वरिष्ठ कलाकारों द्वारा बॉलीवुड के एवरग्रीन अभिनेता देवानंद के गीतों की अनोखे अंदाज में प्रस्तुति रही। मुख्य आयोजक, समिति के अध्यक्ष व सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.के. सिन्हा ऊर्जावान जुगलबंदी पेश कर सबको हतप्रभ कर दिया।